हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, रविवार 11 मई 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 जल जीवन मिशन अधूरा, गर्मी भूजल गिरावट ने...

12 रेत से भरे हाईवा के शहर में प्रवेश पर कांग्रेस, ..




## खबर संक्षेप

### महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** एनएच-53 से सिरको जाने वाले रोड पर एक व्यक्ति से महुआ शराब जब्त किया गया है। बसना पुलिस ने बताया कि सूचना मिलने पर एनएच 53 रोड से सिरको जाने के रोड किनारे आरोपी राकेश ताण्डी पिता नरेंद्र तांडी (39 साल) सिरको के कब्जे से करीबन 10 लीटर देशी हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2000 रुपए को जब्त किया गया है। मामले आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### चौथिया गए लोगों के साथ मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चितमखार में चौथिया आए लोगों के साथ मारपीट किए जाने के मामले में खल्लारी थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को प्रार्थी मोहन निवासी वार्ड नंबर 01 बनकापारा खरियार रोड जिला नुआपड़ा ओडिशा ने बताया कि 8 मई को अपनी बहन रेखा पटेल की शादी में चौथिया खरियार रोड से 80 से 90 लोगों के साथ ग्राम चितमखार खल्लारी आया था। रात्रि करीबन 8 बजे लुपेश नंद के घर के सामने ग्राम चितमखार में खाना खाने के समय लाइट बंद होने से टीकम साहू एवं उसके अन्य साथी के द्वारा गाली गलौज कर हाथ मुक्का एवं लाठी से मारपीट किया। जिससे उसके सिर में, कमलेश पटेल के सिर में, टिकेश्वर चौहान के दोनों भुजा में, नीरा पटेल के हाथ एवं सीने में, विमला पटेल के बायें हाथ की कलाई में एवं राजकुमार पटेल के बायें पैर एवं सिर में चोट आई है। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### 60 हजार का गांजा जब्त

**महासमुंद।** बस में सवार एक यात्री से पुलिस ने भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा जब्त किया है। ओड़ीशा से रायपुर की ओर जा रही बस में पटेवा पुलिस ने बस में एक युवक 60 हजार रुपए का 4 किलो गांजा ले जाते रंगे हाथ पकड़ा गया। जिस पर पुलिस ने नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।
पटेवा पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी 8 मई की रात बौद्ध ओडिशा से रायपुर छत्तीसगढ़ आने वाली लक्ष्मी बस क्रमांक सीजी 04 ईए 0272 में एक व्यक्ति सवार होकर अपने बैग में अवैध मादक पदार्थ गांजा रखकर आ रहा है। कुछ समय बाद आई बस को रोक कर बस में सवार संदिग्ध व्यक्ति को बैग सहित नीचे उतारा गया और जिसने पूछताछ में उसने अपना नाम पवन जैन पिता स्व. रमेशचंद जैन (42 वर्ष) निवासी पठानी मोहल्ला मस्जिद के पास बौद्ध थाना व जिला बौद्ध (ओडिशा) का रहने वाला बताया। बैग में गांजा होना बताया तथा उक्त गांजा को बौद्ध ओडिश से रायपुर छत्तीसगढ़ ले जाना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 4 किलोग्राम गांजा कीमत 60,000 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तारी की गई।

### फेसबुक में भारत विरोधी पोस्ट कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

**सरायपाली।** भारतीय जनता पार्टी भाजपा युवा मोर्चा व अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा नगर के मोहम्मद असलम द्वारा फेसबुक आईडी से भारत विरोधी पोस्ट साझा किए जाने से आक्रोशित होकर सरायपाली टीआई को आवश्यक कार्रवाई किये जाने बाबत ज्ञापन सौंपा गया है। इस संबंध में दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि सोशल मीडिया में उस तरह का पोस्ट डालना उसकी जिहादी विचारधारा प्रकट करता है। अभी हाल ही में हुए पहलगांव हमले के विरुद्ध जवाबी कार्रवाई भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान पर किया गया है, जिसको लेकर इनके द्वारा सायरन बजा के देश की जनता को उल्लू बनाया जा रहा है।

# विकास परियोजनाओं के लिए सीएम साय ने जारी किए 310 करोड़


## सड़क, बिजली, पानी की बरसो पुरानी मांग पूरी हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू की मांग पर समूचे विधानसभा क्षेत्र के तरक्की और विकास के लिए राज्य के सीएम विष्णुदेव साय ने शुक्रवार को 310 करोड़ रुपए का सौगात दिया है। इस सौगात में सिंचाई के संसाधन एवं विद्युत सब स्टेशन शामिल है। बिजली और पानी चूंकि अहम होता है अतएव समूचे क्षेत्र में उत्साह का वातावरण है। क्षेत्र के लोगो ने सीएम विष्णुदेव साय एवं राजिम विधायक रोहित साहू को बधाई दिया है। मालूम हो कि आज से 48 वर्ष पूर्व 1977 में घुनघुट्टी जलाशय परियोजना की शुरूआत की गई थी। यह योजना पूरा होने का बाट जोह रहा था जिसे सीएम श्री साय ने 85 करोड़ रूपए स्वीकृत कर समूचे राजिम क्षेत्र के लोगो का दिल जीत लिया है। इस मांग को विधायक रोहित साहू ने प्रमुखता के साथ सीएम के समक्ष रखा। उल्लेखनीय है कि इस जलाशय परियोजना के पूर्ण होने पर क्षेत्र के दस हजार एकड़ भूमि में सिंचाई हो सकेगी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय पर किसानो ने खुशी जाहिर किया है। इसके अलावा राजिम-छुरा मुख्य मार्ग के लिए 147 करोड़ रुपए तथा ग्राम मड़ेली में 132 केवी विद्युत सब स्टेशन के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। राजिम विधायक रोहित साहू लगातार एक तरफ जनदर्शन कार्यक्रम रखते है तो दूसरी ओर क्षेत्र में निरंतर दौरा करते है। लोगो की समस्याओं को दूर करने और जरूरतो को पूरा करने के लिए दिलोजान ▶▶| शेष पेज 11 पर

### लोगों के मन में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अवसर पर कहा कि हमारी सरकार सुशासन के लिए समर्पित सरकार है। आपने सही निर्णय लेकर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनाई तथा राजिम विधानसभा में रोहित साहू को भाजपा के विधायक चुनकर सदन में भेजा। पहले की कांग्रेस सरकार ने किसानों के दो साल का बोनस देने का वादा किया और मुकर गए उसे हमने पूरा किया, गरीबों के सर पर छत हो इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयासों से लाखों पीएम आवास की स्वीकृति प्रदेश को ▶▶| शेष पेज 11 पर



### मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से संवर रहा प्रदेश : साहू

विधायक रोहित साहू ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि हमारी सरकार में सुशासन समाधान शिविर के माध्यम से आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है। समाधान शिविर भी अब किसी उत्सव से कम नहीं लग रहा जहाँ सभी ओर सुशासन की बयार चल रही है तो इस सुशासन से गरियाबंद जिला और राजिम विधानसभा क्षेत्र कैसे अछूता रह सकता है। उन्होंने कहा कि कि डेढ़ साल पहले प्रदेश की जनता ने मोदी जी की गारंटी पत्र पर जो विश्वास जताया था, उसका ▶▶| शेष पेज 11 पर

## हादसा : ओडिशा से लौट रहे तीनों, उरमाल पेट्रोल पंप के पास हुआ दुर्घटना

# कार और बाइक में भिड़ंत, तीन की मौत, समय पर नहीं पहुंची एंबुलेंस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

देवभोग क्षेत्र में हिट एंड रन का मामला सामने आया है कार ने बाइक को टक्कर मारकर घायल लोगों को तड़पते हालात में छोड़कर भाग निकली समय पर एम्बुलेंस भी नहीं पहुंचा, जिसके चलते मौके पर ही तीन लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उरमाल गांव के पास हुआ है वहीं पुलिस घटना की जांच में जुटी है। बता दें कि इस मौत के बाद जिले में पिछले 17 माह में सड़क दुर्घटना में मरने वालों की संख्या 34 पहुंच गई है।

मृतक की पहचान पंचायत सचिव छबि नायक, मूंगिया निवासी पूर्व पंचायत प्रतिनिधि गणपति नायक और मुखागुड़ा के महेश कश्यप के रूप में की गई है। थाना प्रभारी फैजुल हुडा शाह ने घटना की पुष्टि की है। थाना प्रभारी ने बताया कि नम्बर प्लेट के आधार पर वाहन की पहचान की जा रही है। बाइक सवार तीनों युवकों को एम्बुलेंस से देवभोग अस्पताल लाया गया, जहां तीनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक और कार की टक्कर दूर तक सुनाई दी। चालक के अलावा बाइक सवार तीनों 10 फीट उछलकर जा गिरे। घटना के बाद तीनों की सांसें चल रही थी। मौके पर से लोगों ने 108 एम्बुलेंस को कॉल किया। नजदीकी अस्पताल अमलीपदर पड़ता है पर यहां एंबुलेंस सेवा नहीं थी। लिहाजा 17 किमी दूरी से एंबुलेंस घटना के 40 मिनट बाद पहुंची। तब तक घायलों की सांसे उखड़ गई थी। तीनों को अस्पताल में लाने के बाद मृत घोषित किया गया।

### बिना रुकावट दौड़ती मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अर्टिगा तेज रफ्तार से मोड़ पर चढ़ रही थी, और सामने से आ रही बाइक को सीधी टक्कर मार दी। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक कई फीट दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी।

### शिनाख्त और जांच की प्रक्रिया जारी

देवभोग पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शुरुआती जांच में वाहन मालिक की जानकारी जुटाई जा रही है। कार का नम्बर प्लेट घटनास्थल पर लावारिस हालत में मिली, जिससे साफ है कि चालक मौके से फरार हो गया। यह कोई पहला हादसा नहीं है जो उरमाल मोड़ पर हुआ है। स्थानीय लोग लगातार मांग कर रहे हैं कि यहां स्पीड ब्रेकर और चेतावनी बोर्ड लगाया जाए, लेकिन प्रशासन अब तक निष्क्रिय है। क्या इस हादसे के बाद जिम्मेदार विभाग जागेगा?




### देवभोग पुलिस जांच में जुटी

हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। लेकिन वाहन की नंबर प्लेट सीजी 23 **N** 6737 मौके पर बरामद हुआ है जो अर्टिगा वाहन की बताई जा रही है । प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि कार वाहन काफी तेज रफ्तार में था और मोड़ पर नियंत्रण नहीं रख सका। पुलिस अब सीसीटीवी फुटेज व प्रत्यक्षदर्शियों के बयान के आधार पर कार्रवाई में जुटी है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवभोग के बीएमओ डॉ प्रकाश साहू से बात हुआ उन्होंने पुष्टि की तीनों आन द स्पॉट में खत्म हो गए थे। मैनपुर ब्लॉक के उरमाल मोड़ बना जानलेवा ज़ोन गरियाबंद पासिंग अर्टिगा से रौंदे गए तीन युवक,देवभोग थाना क्षेत्र में शनिवार रात हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को हिलाकर रख दिया। उरमाल के पास एक अर्टिगा वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद डाला, जिससे मौके पर ही तीनों की मौत हो गई। अब इस मामले में एक अहम अपडेट सामने आया है घटनास्थल पर मिले वाहन के नंबर प्लेट से खुलासा हुआ है कि कार **CG** 23 **N** 6737 नंबर की थी, जो गरियाबंद पासिंग की अर्टिगा गाड़ी है।

# करलाझर में दिखा इंडियन हॉर्नबिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

करलाझर बीट के घने जंगलों में आज सुबह गश्त के दौरान एक दुर्लभ और आकर्षक नजारा देखने को मिला, जिसने वनप्रेमियों के चेहरे पर मुस्कान और रोमांच दोनों ला दिए। सेमल और बरगद के विशाल वृक्षों पर एक साथ 6 नग धनेश पक्षी (इंडियन हॉर्नबिल) को बैठा देखा गया, जो इस क्षेत्र में जैव विविधता की समृद्धि का प्रमाण है। इस दुर्लभ दृश्य को श्री वीरेंद्र कुमार ध्रुव ने अपने कैमरे में बखूबी कैद किया। धनेश पक्षियों की खास आवाज को दूर से पहचानने का श्रेय जाता है श्री नकुल यादव, योनेश यादव, अमन कश्यप और दीपक निर्मलकर को, जिनकी सतर्कता और सूझबूझ ने इस क्षण को यादगार बना दिया। धनेश पक्षी न केवल सुंदरता में अनूठे होते हैं, बल्कि वन पारिस्थितिकी तंत्र में भी इनकी अहम भूमिका होती है। ये बीजों का प्रसार कर जंगल के विकास में सहायक बनते हैं, इसलिए इन्हें 'वन के रक्षक' भी कहा जाता है। वन विभाग की इस सक्रियता और टीम भावना ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर जागरूकता और प्रेम से देखा जाए तो जंगल हर दिन कोई नया चमत्कार दिखा सकते हैं।



# विद्यालय की बाउंड्री वॉल टूटी



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का अहता बाउंड्रीवॉल जगह-जगह से टूट गया है जिसके कारण इस विद्यालय के भीतर शाम होती ही शराब पीने वाले आसामाजिक तत्व घुस जाते हैं और शराब पीकर जगह-जगह बोतल को तोड़ फोड़ देते हैं साथ ही गंदगी बिखेर कर चले जाते हैं जिसके कारण स्कूल प्रशासन बेहद परेशान है। पूर्व में इसकी शिकायत शाला प्रबंधन समिति की बैठक में किया गया था शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष योगेश शर्मा एवं सदस्यों ने स्कूल के चारों ओर नया बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग किया है साथ इस समस्या के समाधान के लिए जल्द एक प्रतिनिधिमंडल गरियाबंद पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपेंगे।

# रजनकटा में श्रीमद् भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

समीप ग्राम रजनकटा में यादव परिवार के द्वारा अपने स्व. माता रामकुंवर यादव की वार्षिक श्राद्ध (बरसी) स्मृति सहित परिवार के समस्त पितरों की मुक्ति के लिए 10 से लेकर 18 मई तक संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रवचन करता पंडित ऋषिकेश तिवारी (राजू महाराज) रवेली वाले होंगे, कथा प्रवचन 10 बजे से लेकर 1 बजकर 30 मिनट होगा, दोपहर 3 बजे से लेकर शाम 5 बजकर 30 मिनट तक होगा। श्रीमद् भागवत के पहले दिन कलश यात्रा का आयोजन कर गांव के शीतला तालाब से कलश यात्रा निकाली गई जिसमें यादव परिवार सहित गांव की महिलाएं एवं बच्चे शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया कार्यक्रम का आयोजन यादव परिवार के प्रधान पाठक खेमलाल यादव सपत्नी सावित्री यादव, वेद प्रकाश यादव सपत्नी गायत्री यादव, सुश्री चित्ररेखा यादव, लक्ष्मीकांत यादव सहित यादव परिवार के द्वारा इस आयोजन में श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क ▶▶| शेष पेज 11 पर



# राजिम भक्तिन माता चौक का उद्घाटन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

साहू समाज राजिम भक्तिन माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने बताया कि साहू समाज के आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता के नाम से नवनिर्मित चौक का उदघाटन आज 11 मई रविवार को 11 बजे होगा। नगर पंचायत राजिम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 6 में नवनिर्मित राजिम भक्तिन माता चौक उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक रोहित साहू होंगे। प्रमुख अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अभातै महासभा, नगर पंचायत राजिम के अध्यक्ष महेश यादव, अध्यक्षता टहल सिंह साहू अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, विशेष अतिथि के रूप में भुनेश्वर साहू उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ, डॉ. नारायण साहू राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ अभातै महासभा, मेहतरु साहू संरक्षक राजिम भक्तिन माता समिति, उत्तम निषाद वार्ड पार्षद के कर कमलो से संपन्न होगा। साहू समाज राजिम भक्ति माता समिति के अध्यक्ष लाला साहू ने इस गरिमामय समारोह में सामाजिक पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिकों को शामिल होने की अपील की है। विदित हो कि नवनिर्मित चौक साहू समाज के आराध्य देवी राजिम भक्तिन माता के नाम पर रखा गया है और छत्तीसगढ़ राज्य में यह पहला चौक है जिसका आज उदघाटन होगा।



## 54 लाख 56 हजार 29 रुपए का एवार्ड पारित

# नेशनल लोक अदालत ने 64 हजार 547 प्रकरणों का किया निपटारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशन पर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में संचालित न्यायालयों, किशोर न्याय बोर्ड गरियाबंद तथा राजिम व देवभोग के व्यवहार न्यायालयों एवं राजस्व जिला गरियाबंद के राजस्व न्यायालयों में 10 मई 2025 शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। उक्त लोक अदालत हेतु तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद द्वारा 04 खण्डपीठों का गठन किया गया था। नेशनल लोक



अदालत में कुल 64 हजार 547 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 54 लाख 56 हजार 29 रूपये का एवार्ड पारित किया गया है।

तालुका विधिक सेवा समिति गरियाबंद के अध्यक्ष यशवंत वासनीकर ने बताया कि उक्त लोक अदालत हेतु जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद बी आर साहू की गठित खण्डपीठ में कुल 53 लंबित एवं 1650 प्रिलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 01 मोटर दुर्घटना दावा प्रकरणों का निराकरण करते हुए 14 लाख रूपये का एवार्ड पारित किया गया वही 89 प्रिलिटिगेशन प्रकरणों का निराकरण करते हुए 6 लाख 75 हजार 278 रूपये का एवार्ड पारित किया गया, इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 90 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 20 लाख 75 हजार 278 ▶▶| शेष पेज 11 पर

### कर्मचारियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

तालुका अध्यक्ष श्री यशवंत वासनीकर ने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के अध्यक्ष बलराम प्रसाद वर्मा एवं सचिव रमेश चौहान के द्वारा समय-समय पर दिए गए निर्देशानुसार अन्य विभागों के अधिकारियों द्वारा नेशनल लोक अदालत के अवसर पर जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद के परिसर में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए, उद्यानिकी विभाग द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार एवं फूलदार पौधों एवं वृक्षों का वितरण किया गया, स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोक अदालत में आए गए पक्षकारों, अधिवक्ताओं, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जन सामान्य का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। राजस्व न्यायालयों में गठित खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारियों के द्वारा लोक अदालत के पूर्व से ही संबंधित पक्षकारों एवं अधिवक्तागण से प्री-सिटिंग कर इस लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण के लिए काफी प्रयास किये गये। इस लोक अदालत को सफल बनाने में खण्डपीठों के पीठासीन अधिकारीगण, अधिवक्ता सदस्यगण और प्रकरणों से संबंधित अधिवक्तागण, न्यायालयीन कर्मचारियों, राजस्व अधिकारियों तथा प्रीलिटिगेशन प्रस्तुत करने वाले अन्य विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों एवं संबंधित पक्षकारों का सराहनीय योगदान रहा।

# नाली निर्माण में हैंडपंप को किया गया नजरंदाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में शिक्षक कॉलोनी जाने वाले मार्ग पर नाली निर्माण के दौरान सड़क किनारे लगे हैंडपंप के तरफ ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण एक हैंडपंप पूरी तरह खराब हो गया। जबकि इस हैडपंप से मोहल्ले के लोगों को पानी मिलता था नाली निर्माण और सड़क निर्माण की ऊंचाई ईतना बढ़ा दिया गया की हैंडपंप नीचे हो गया और इसका उपयोग अब कोई नहीं कर पा रहा है। नाली निर्माण के दौरान जनपद पंचायत के संबंधित सब इंजीनियर द्वारा भी हैंडपंप के तरफ ध्यान नहीं दिया जाना समझ से परे हैं।



## खबर संक्षेप



### विश्व रेडक्रॉस दिवस पर 20 यूनिट रक्त संग्रहित

**रायपुर।** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर आयोजित रक्तदान शिविर में स्वास्थ्य विभाग ने 20 यूनिट रक्त संग्रहित किया। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह एवं सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी के निर्देश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा में शिविर का आयोजन किया गया था। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. उमा पैंकरा, जिला रेडक्रॉस के चेयरमैन राजू शर्मा, वाइस चेयरमैन डॉ. प्रीति नारायण, कोषाध्यक्ष पल्लवी नितिन पाण्डेय, प्रबंध समिति सदस्य डॉ. श्वेता सोनवानी, रेडक्रॉस ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. एसएन पाण्डेय, प्रबंध समिति के सदस्य गजेंद्र डोंगरे शामिल रहे। इस दौरान डॉ. पाण्डेय ने लोगों को रक्त, नेत्र, अंग एवं देहदान की महत्ता के बारे में जानकारी दी।

### कांदूल-गोबरा नवापारा में लगा समाधान शिविर



**रायपुर।** सुशासन तिहार के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम कांदूल और गोबरा नवापारा में समाधान शिविर लगाया गया। इस शिविर में सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत आमजनों को लाभ मिल रहा है, उनकी समस्याओं का समाधान हो रहा है। शिविर को रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू ने भी संबोधित किया। इस दौरान जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे। शिविर में आए आवेदनों का निराकरण करते हुए कई लोगों को मौके पर किसान किताब, उद्यानिकी विभाग की ओर से किसानों को मिनी किट और स्थानीय निवासियों को नया राशन कार्ड प्रदान किया गया। सांसद ने इस दौरान लाईब्रेरी के फर्नीचर के लिए 5 लाख रुपए, बसस्टैंड के लिए 5 लाख, सरस्वती शिशु मंदिर में सभागार के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपए और विधायक निधि से 10 लाख रुपए, नदी सफाई के 50 लाख रुपए और मनरेगा से तटबंध किनारे सड़क निर्माण की घोषणा की।

### सड़कों पर चलाया टीम प्रहरी अभियान



**रायपुर।** टीम प्रहरी अभियान के तहत शुक्रवार को नगर निगम के उड़न दस्ता टीम ने शहर के अलग-अलग इलाकों में सड़क कब्जा मुक्त अभियान चलाया। इसके तहत कहीं अवैध ठेला-गुमटियों को हटाया गया तो कहीं दुकान के सामान जब्त भी किए। जीई मार्ग पर आजाद चौक के पास सिंघ साइकल स्टोर के खिलाफ कार्रवाई कर सड़क तक रखी साइकिलों को जब्ती बनाया गया। इसी प्रकार नगर निवेश विभाग ने अवंति बाई लोधी चौक के पास मुख्य मार्ग पर अवैध रूप से लगी दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। महाराजा अग्रसेन चौक से आमापारा चौक होकर आश्रम चौक तक मुख्य मार्गो पर लगी कई अस्थाई अवैध दुकानों को हटाने की कार्रवाई की। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल से जीईमार्ग पर आजाद चौक तक, सरोना क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर भी बैनर-पोस्टर जब्ती से लेकर अन्य कब्जा मुक्त अभियान चलाया गया।

### छग में स्वास्थ्य क्षेत्र को मिले उद्योग का दर्जा : डॉ. गुप्ता

**रायपुर।** एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया (एएचपीआई) ने प्रदेश में स्वास्थ्य क्षेत्र को उद्योग का दर्जा दिए जाने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। एएचपीआई छत्तीसगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता और महासचिव अतुल सिंघानिया द्वारा मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में उल्लेख किया गया है कि छत्तीसगढ़ में निजी क्षेत्र में अस्पताल और नर्सिंग होम मिलाकर 900 से ज्यादा स्वास्थ्य प्रदाता संस्थाएं संचालित हैं।

# दो माह बाद भी नहीं बनी मंडलों की कार्यकारिणी, जिलों की भी अटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के भाजपा संगठन में बीते दो माह से मंडलों की नई कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। मंडलों के कारण जिलों की कार्यकारिणी भी अटक गई है। मंडलों में कार्यकारिणी बनाने की कवायद चल रही है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी न बन पाने के कारण जिलों की कार्यकारिणी को लेकर कवायद प्रारंभ नहीं हो सकी है। सभी मंडलों की कार्यकारिणी का ऐलान होने के बाद भी जिलों की कार्यकारिणी बनेगी।

रायपुर शहर जिलों में भी 16 मंडलों की कार्यकारिणी फाइनल हो सकी है, लेकिन इसका ऐलान अभी बाकी है।भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। सितंबर में पहले सदस्यता अभियान चलाया गया, इसके बाद बूथ, मंडल, जिलों के चुनाव के बाद 17 जनवरी को भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव हुआ। इसमें एक बार फिर से किरण देव को प्रदेश की कमान सौंपी गई। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

- 30 फीसदी में बन सकी है नई टीम, बचे 70 फीसदी में इस माह बन पाने की संभावना भी कम



### पहले मंडल, फिर जिलों का नंबर

भाजपा के संगठन चुनाव में जिस तरह से बूथ स्तर के बाद मंडल और जिलों में अध्यक्षों के चुनाव कराए गए थे, उसी तरह से अब कार्यकारिणी के गठन में भी नीचे के स्तर से शुरुआत की गई है। पहले चरण में मार्च से मंडलों में कार्यकारिणी बनाने का काम प्रारंभ किया गया है। पहले इसकी डेडलाइन 10 मार्च रखी गई, इसके बाद इसको 20 मार्च किया गया, लेकिन पूरा मार्च महीना निकलने के बाद भी कार्यकारिणी नहीं बनी तो फिर अप्रैल में समय दिया गया। अप्रैल भी पूरा समाप्त होने के बाद इसके लिए मई में समय तय किया गया है। मई में भी दूसरा सप्ताह प्रारंभ हो गया है, लेकिन अब तक सभी मंडलों की कार्यकारिणी पूरी नहीं हो सकी है। जानकारों के मुताबिक, मुश्किल से 30 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी ही बन सकी है। बचे 70 फीसदी मंडलों की कार्यकारिणी के इस माह के अंत तक भी बनने की संभावना कम है। ऐसे में जिलों की कार्यकारिणी का भी इस माह बन पाना संभव नहीं लग रहा है। जिलों की कार्यकारिणी के बाद ही प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी, ऐसे में प्रदेश की कार्यकारिणी भी अटक सकती है। वैसे भी प्रदेश की कार्यकारिणी के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव का भी इंतजार है।

विडंबना : सरकारी योजनाओं का जरूरतमंदों को नहीं मिल रहा लाभ, सीएम से करेंगे शिकायत

# समाधान शिविर में खाली कुर्सी देख भड़के पुजारी कहा- अफसर समस्याओं को सुलझाने पर दें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

सुशासन तिहार समाधान शिविर में खाली कुर्सी देख भड़के भाजपा के पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी ने कहा की केंद्र एवं राज्य के भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीणों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है लेकिन संबंधित विभाग के अफसर समस्याओं के समाधान करने के तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और तो और सरकार के महत्वपूर्ण सुशासन तिहार समाधान शिविर का पर्याप्त प्रचार प्रसार नहीं हो रहा है जिसके कारण इन शिविरों में भीड़ नहीं आ पा रही है।

- भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने जल जीवन मिशन योजना पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए

जनता की समस्याओं का समाधान अफसर शिविरों में करें सिर्फ खानापूर्ति ना करें जिससे जनता स्वयं शिविर में पहुंचेंगे, नाराज पूर्व विधायक पुजारी ने कहा की मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से करेंगे। ज्ञात हो कि जिले के देवभोग विकासखंड के ग्राम झाखरपारा शनिवार को सुशासन तिहार समाधान शिविर में हितग्राही व जनता की भीड़ नजर नहीं आया। ज्यादातर कुर्सियां खाली पड़ी रही जिस देख भाजपा नेताओं ने अपने आप को रोक नहीं पाया। संबोधन की बारी आई तो अतिथि पूर्व भाजपा विधायक डमरूधर पुजारी बिफर पड़े।माइक थामते ही पुजारी ने कहा कि मंच पर संबोधन के लिए खड़ा कराया गया, एसडीएम को सवाल करते हुए कहा कि साहब पब्लिक नहीं है किसे संबोधित करें पुजारी ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि भाजपा सरकार की यह शिविर योजना क्रियान्वयन के लिहाज से अहम है। उनके तकलीफ जानने और उन्हें सरकार की योजना को बताया जाना है। पुजारी ने श्रम विभाग के कार्य प्रणाली पर सवाल खड़े किया। कहा कि विभाग की योजना जरूरत मंद लोगों तक नहीं पहुंच पा रही है। चेतावनी भरे लहजे में कहा कि अगले शिविर में आवेदक गण, हितग्राही ज्यादा से ज्यादा संख्या में रहे अन्यथा ठीक नहीं होगा। शिविर के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गौरी शंकर कश्यप ने भी शिविर में भीड़ सुनिश्चित करने कहा, साथ ही जल संग्रहण व वृक्षा रोपण के लिए शपथ दिलाई।



### भीड़ के लिए मुनादी कराएंगे

नाराजगी के बाद हो रही चूक को भाप चुके जिला पंचायत गरियाबंद सीईओ जी आर मरकाम ने कहा कि अगले शिविर में आवेदक हितग्राहियों की भीड़ रहे इसके लिए जवाबदारी तय की जाएगी।मुनादी और अन्य माध्यमों से प्रचार किया जाएगा।साथ ही सीईओ ने अधूरे पीएम आवास को जल्द पुरा करने की अपील करते हुए कहा कि आवास नहीं पुरा किया गया तो हितग्राहियों को अन्य योजनाओं के लाभ से वंचित रहना पड़ सकता है।

### जल जीवन पर छिड़ा जंग

शिविर में विभागीय अधिकारी पीएचई के अफसर योजना के फायदे गिना रहे थे तभी क्षेत्रीय जनपद सदस्य असलम मेमन ने योजना के दावे के पोल खोल रहे थे।असलम ने भरे मंच में यह तक कहा कि झाखपारा कलस्टर के दो गांव में जल जीवन की सफलता को दिखा दे,आरोप लगाया कि पाइप बिछाने सीसी सड़क खोद दिए गए,मरम्मत का भुगतान भी ठेकेदारों को हुआ पर योजना का लाभ किसी को नहीं मिला। जनपद सदस्य एवं भाजपा के नेता असलम मेमन ने आरोप लगाते हुए कहा विकासखंड के दर्जनों स्थानों पर करोड़ों रुपए खर्च कर जल जीवन मिशन की टांकी निर्माण कर नल की टोटी लगाई गई है लेकिन तीन गाऊ में भी सही पानी नहीं आ रहा है उन्होंने कहा संबंधित विभाग के अफसर और ठेकेदार मिलकर सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना में जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं और तरफ ध्यान देने वाला कोई नहीं है श्री मेमन ने कहा केंद्र के नरेंद्र मोदी सरकार एवं राज्य के विष्णु देव भाजपा सरकार ने गांव के प्रत्येक व्यक्ति को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए करोड़ अरबो रुपए की राशि जारी किया है लेकिन इन राशियों का जल जीवन के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है जिसकी जांच किया जाना चाहिए, जिम्मेदार अफसर पर कार्यवाही होनी चाहिए और उनसे राशि वसूल होनी चाहिए।

# कचरा रेमीडिएशन के धीमे कार्य पर मूणत सख्त, दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को राजधानी रायपुर के सरोना क्षेत्र में चल रहे कचरा रेमीडिएशन कार्य का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने यहां धीमी गति से चल रहे कार्य पर नाराजगी जताते हुए निगम के अधिकारियों तथा संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश कि 30 जून तक किसी भी हाल में कार्य पूर्ण होना चाहिए, ताकि आगामी बारिश के सीजन में यहां पौधारोपण अभियान शुरू किया जा सके। राजेश मूणत ने कहा कि कचरा रेमीडिएशन कार्य राजधानी के पर्यावरणीय संतुलन और नागरिकों के स्वास्थ्य से जुड़ा अत्यंत संवेदनशील मामला है। उन्होंने निर्देश दिया कि अतिरिक्त मशीनें व संसाधन लगाकर कार्य की गति बढ़ाई जाए, ताकि समय-सीमा में कार्य पूर्ण हो सके। इस अवसर पर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़, राज्य लौह शिल्पकार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल्ल विश्वकर्मा, निगम आयुक्त विश्वदीप, संत रविदास वार्ड के पार्षद अर्जुन यादव, एमआईसी सदस्य प्रतिनिधि सुनील चंद्राकर, अपर आयुक्त राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित कार्यकारी एजेंसी हील ब्रो मेटेलिक प्रा. लि. के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# पेवर बेस वर्क में गड़बड़ी, 4 इंच की जगह कहीं दो तो कहीं डेढ़ इंच मिली मोटाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कई जोन क्षेत्रों में पेवर का कार्य चल रहा है। इस कार्य का ठेका अम्बे रियल इंफा कंपनी को दिया गया है। कंपनी द्वारा कराए जा रहे पेवर कार्य के बेस वर्क में गड़बड़ी मिली है। अनुबंध के अनुसार बेस वर्क की मोटाई चार इंच किया जाना था, लेकिन कंपनी अधिक कमाई के लालच में कहीं दो इंच तो कहीं डेढ़ इंच की मोटाई का बेस बनवा रही है। इस कारण इस कंपनी का अनुबंध निरस्त कर उसे ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए गए हैं।

**ठेका कंपनी अम्बे रियल इंफा का अनुबंध निरस्त कर ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश**

### एक करोड़ का ठेका

अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के विभिन्न जोन क्षेत्रों में पेवर कार्य के लिए अम्बे रियल इंफा कंपनी को लगभग एक करोड़ रुपए का ठेका मिला है। कंपनी ने अब तक कितना कार्य किया है तथा इस काम के लिए अब तक कितनी राशि का भुगतान किया गया है, इसकी जानकारी विभाग से मिल नहीं पाई है। सूत्रों की मानें, तो अगर कंपनी का ठेका निरस्त होगा, तो जितना कार्य शेष बचा है, उसके लिए दोबारा टेंडर निकाला जाएगा।

### शिकायतों की जांच पर कार्रवाई के निर्देश

शहर के कई जोन क्षेत्रों में पेवर लगाने के लिए अम्बे रियल इंफा कंपनी को ठेका दिया गया है। इस कंपनी के खिलाफ निगम मुख्यालय से लेकर जोन कार्यालयों में लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि ठेकेदार द्वारा पेपर कार्य में गड़बड़ी की जा रही है और बेस वर्क की मोटाई चार इंच की जगह दो इंच से कम लगाया जा रहा है। इन शिकायतों के आधार पर निगम लोककर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल, एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा ने कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा जूनियर एवं उपअभियंता अर्जिता दीवान की उपस्थिति में नेताजी सुभाष स्टेडियम के सामने निर्माणधीन पेवर कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान अभियंताओं ने बेस वर्क की मोटाई की जांच भी की। इस जांच में बेस वर्क की मोटाई कहीं दो इंच तो कहीं डेढ़ इंच पाई गई। इस तरह ठेकेदार के खिलाफ मिली शिकायतें सही पाई गईं, जिसके आधार पर दीपक जायसवाल और मनोज वर्मा ने अधिकारियों को न केवल कंपनी से हुआ अनुबंध निरस्त करने के लिए कहा, बल्कि कंपनी के नाम को ब्लैक लिस्ट में डालने के भी निर्देश दिए।

# भारतीय सेना के सम्मान में कांग्रेस की तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमला का मुंहतोड़ जवाब देते हुए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। सेना ने जो शौर्य, साहस और वीरता का परिचय दिया है, उसको देखते हुए प्रदेश कांग्रेस ने भारतीय सेना के सम्मान में राजधानी रायपुर के इंदिरा गांधी चौक कालीबाड़ी से जयस्तंभ चौक तक तिरंगा यात्रा निकाली और सेना को सलामी दी। तिरंगा यात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, प्रभारी सचिव द्वय जरिता लैतफलांग, विजय जांगिड़ सहित कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता हाथों में तिरंगा झंडा लेकर भारत माता का जयकारा लगाते हुए पदयात्रा की।

दीपक बैज ने कहा, तिरंगा यात्रा देश के मान और सम्मान, देश की एकता भाईचारा, एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए है। वर्तमान में हमारा देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है। भारत की सेना पाक के आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है, इसके लिए कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है। साथ ही सेना का मनोबल बढ़ाने के लिए एकता, वीरता और उनके शौर्य के सम्मान में कांग्रेस पार्टी ने तिरंगा यात्रा निकाली। भारतीय सेना आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दे रही है। आतंकवाद को जड़ सहित समाप्त करने के लिए आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त कर रही है।

तिरंगा यात्रा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष धनेन्द्र साहू, पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, सांसद ज्योत्सना महंत, प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू, विधायक कविता प्राण लहरे, पूर्व विधायकगण अमितेष शुक्ल, अरूण वोरा, कुलदीप जुनेजा, विकास उपाध्याय, अनिता शर्मा, विनय जायसवाल, वरिष्ठ नेता राजेन्द्र तिवारी, कन्हैया अग्रवाल, दीपक मिश्रा, सकलेन कामदार, कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष अरूण ताम्रकार, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा, वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर, घनश्याम राजू तिवारी, पूर्णचंद पाढ़ी, महापौर नंदलाल देवांगन, पूर्व महापौर प्रमोद दुबे, एजाज ढेबर, जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा, शिवसिंह ठाकुर, आकाश तिवारी, अमित शर्मा, मो. सिद्दीक, सुनील कुकरेजा, उषा रज्जन श्रीवास्तव, नवीन चंद्राकर, अशोक ठाकुर, दीपा बग्गा, प्रशांत ठेंगड़ी, दाउलाल साहू, बंशी कन्नौजे, श्रीनिवास राव, संगीता दुबे, डॉ. करूण कुर्रे, अनुभव शुक्ला, दिनेश तिवारी, योगेश तिवारी, कुमकुम झा सहित कांग्रेस के कार्यकर्ता शामिल हुए।

**दीपक बैज बोले- कांग्रेस पार्टी सरकार के साथ खड़ी है**



स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया की समीक्षा बैठक, कमी दूर करने का मिला आश्वासन

# मेडिकल कालेजों में फैकल्टी की कमी, भर्ती, प्रमोशन और नियमितीकरण पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चिकित्सा शिक्षकों की कमी से जूझ रहे मेडिकल कालेजों की समस्या का समाधान किया जाएगा। इसके साथ यहां रिक्त पदों पर भर्ती, प्रमोशन और नियमितीकरण की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया द्वारा ली गई समीक्षा बैठक में गुणवत्ता पूर्ण चिकित्सा शिक्षा पर जोर दिया गया। बैठक में विभिन्न तरह के दस बिंदुओं पर चर्चा की गई।

स्वास्थ्य भवन, सेक्टर-19, नवा रायपुर में हुई इस बैठक में दुर्ग स्थित शासकीय मेडिकल कालेज में करीब 80 फीसदी फैकल्टी की कमी है। इसके अलावा महासमुंद, कांकेर, कोरबा जैसे मेडिकल कालेज भी चिकित्सा शिक्षकों की समस्या से जूझ रहे हैं। इसकी वजह से उनकी मान्यता भी खतरे में आ जाती है। जिन कालेजों में संविदा शिक्षक है उनका सालों बाद भी नियमितिकरण नहीं हुआ है और ना नियमित शिक्षकों को प्रमोशन का लाभ मिला है। चिकित्सा विशेषज्ञों की सीधी भर्ती भी काफी समय से अटकी हुई है। इन समस्याओं के बारे में जानकारी लेने के बाद स्वास्थ्य सचिव ने समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा बैठक में सेवाओं की गुणवत्ता, प्रशासनिक दक्षता तथा सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए बैठक में 10 प्रमुख एजेंडों पर चर्चा की गई। अफसरों को निर्देशित किया गया है कि संस्थाओं की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं सेवा भावना को सर्वोपरि रखते हुए उन्नत चिकित्सकीय सुविधा सुनिश्चित कराई जाए। बैठक में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा शिखा राजपूत तिवारी, संचालक डॉ. यूएस पैकरा, अतिरिक्त संचालक डॉ. पुनीत गुप्ता सहित समस्त अधिष्ठाता, संयुक्त संचालक, अधीक्षक एवं सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों के अधीक्षक उपस्थित थे।



### कई कालेजों में अतिरिक्त पोस्टिंग

प्रदेश के कई कालेजों में फैकल्टी की समस्या से जूझ रहे हैं वहीं रायपुर समेत कई कालेजों में अतिरिक्त चिकित्सा शिक्षक अपनी पहुंच के दम पर सेवा दे रहे हैं। रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज के मेडिसीन, ईएनटी, स्त्री एवं प्रसूति रोग, पैथोलॉजी, निश्चेतना में 1-1 तथा रेडियो डायग्नोसिस विभाग में 2 अतिरिक्त प्राध्यापक अपनी सेवा दे रहे है। जानकार लोगों का कहना है कि इन चिकित्सा शिक्षकों को अगर दूसरे शासकीय कालेजों में पदस्थ किया जाता है तो काफी हद तक समस्याओं को दूर किया जा सकता है।

### बारिश के पहले बड़े नालों की सफाई करने के निर्देश

**रायपुर।** महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को जोन-10 कार्यालय में अधिकारियों की बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि बारिश का सीजन शुरू होने से पहले जोन क्षेत्र अंतर्गत सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाकर सभी बड़े नालों को साफ करें, ताकि बारिश के दिनों में नालों के कारण लोगों को किसी भी प्रकार से परेशानी ना हो। बैठक में निगम जलकार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू, एमआईसी सदस्य डॉ. अनामिका सिंह, जोन अध्यक्ष सचिन बी मेघानी, पार्षद गायत्री नौरंगे पिंकी सहित निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। महापौर ने बैठक में पेयजल, स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था भी दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग अभिमन्यु को मिली ट्रायसाइकिल

**सरायपाली।** 60 प्रतिशत अस्थिबाधित दिव्यांग ग्राम पंचायत मोखापुटका निवासी अभिमन्यु पटेल ने ट्रायसाइकिल के लिए समाज कल्याण विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए ग्राम पंचायत की सरपंच लोचन भावना पटेल, उपसरपंच शिवनारायण पटेल एवं अन्य ग्रामीण जिला कार्यालय समाज कल्याण में उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि पटेल निराश्रित हैं तथा उनके माता-पिता का देहांत हो चुका है। उनके दैनिक जीवन में भारी कठिनाई एवं आवागमन में असुविधा हो रही थी। इस मानवीय परिस्थिति को गंभीरता से लेते हुए समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक संगीता सिंह द्वारा अभिमन्यु पटेल को ट्रायसाइकिल प्रदान की गई।

### कक्षा छठवीं में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**बसना।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला बसना में शैक्षिणिक सत्र 2025-2026 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु 01 मई से 10 जून तक समय प्रातः 08 से दोपहर 12 बजे तक आवेदन किया जा सकता है। बसना विकासखंड के अंतर्गत ऐसी बालिकाएं जो कक्षा 5वीं उत्तीर्ण कर चुकी हो, जो शाला त्यागी हो, अप्रवेशी, अनाथ, एकल माता-पिता, परित्याग्ता, गरीब परिवार की बालिकाएं, पलायन करने वाले माता-पिता की बालिकाएं अथवा दिव्यांग बालिकाएं सभी वर्ग के बीपीएल बालिका ही प्रवेश के लिए पात्र है। पात्र बालिकाओं के आवेदन पूर्ण कर सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बंसुला के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस पर आवेदन जमा कर सकते हैं।

### सोलह पहरी कीर्तन के लिए निकली कलशयात्रा

**सरायपाली।** विकासखंड के ग्राम पंचायत बैतारी में सोलह श्रृंगार पहरी उड़िया कीर्तन का महापर्व का आयोजन समस्त ग्रामीण जनों द्वारा कार्यक्रम किया जा रहा है। इस कीर्तन मंडली में ओडिशा, छत्तीसगढ़ में फेमस दल के रूप में जाने जाते हैं। जिसमें महिला, पुरुषों का दल है को आमंत्रित किया गया है। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

### आर्यन को 79 प्रतिशत लाने पर किया सम्मानित

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को कक्षा दसवीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए। जिसमें महासमुंद विधानसभा क्षेत्र के बिरकोनी दुर्गेश साहू सुपुत्र आर्यन साहू को कक्षा दसवीं में 79 प्रतिशत लाने पर भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने उनके घर पहुंच, गमछा पहनकर, सम्मानित कर उत्साहवर्धन किया।

### दक्ष प्रजापति जयंती में शामिल हुए नपाध्यक्ष साहू

**महासमुंद।** स्थानीय कुम्हार पारा में कुम्हार समाज द्वारा 8 मई को राजा दक्ष प्रजापति जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। सर्वप्रथम साहू ने राजा दक्ष प्रजापति की पूजा कर उनका पुण्य स्मरण किया तथा समाज में सद्भाव की प्रार्थना की। इस दौरान समाज जनों को संबोधित कर नपाध्यक्ष ने कहा कि हमारी पौराणिक वेदों में राजा दक्ष प्रजापति अत्यंत पूजनीय हैं। वे धरती के प्रथम महान प्रतापी राजा थे।

**निरीक्षण : विधायक ने सड़क निर्माण कार्य डूमरपड़ाव-पयलीखंड का जायजा लिया**

**जल संकट की मिल रही शिकायत की जमीनी हकीकत देखने पहुंचे विधायक**

# जल जीवन मिशन अधूरा, गर्मी भूजल गिरावट ने बढ़ाई संकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

विधायक जनक ध्रुव के निवास में पहुंचकर विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों ने शिकायत किया की। भीषण गर्मी के इन दिनों में ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है गांव-गांव में लाखों रुपए खर्च कर जल जीवन मिशन योजना के तहत पानी की टंकी का निर्माण किया गया है और गांव की गलियों में पाइपलाइन लगाकर नल की टोंटी लगाई गई है लेकिन पानी नहीं आ रहा है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ग्रामीणों की शिकायत पर विधायक जनक ध्रुव शनिवार को मैनपुर क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में पहुंचकर जल जीवन मिशन योजना के तहत कार्यों का निरीक्षण किया। ग्राम कोयबा पहुंची विधायक जनक ध्रुव ने पैदल गांव का निरीक्षण कर पानी सप्लाई की स्थिति की जानकारी लिया। इस दौरान बताया गया कि इस पानी टंकी को पानी भरने के लिए 700 मीटर दूर से पाइप लाइन लगाई गई है जिसके कारण पानी टंकी में नहीं चढ़ पा रहा है टंकी में पानी नहीं भरने के कारण ग्रामीणों को पानी नहीं मिल रहा है विधायक ने तत्काल मौके से संबंधित विभाग के अधिकारियों को फोन लगाकर व्यवस्था ठीक करने का निर्देश दिया है जिस पर अधिकारियों ने एक सप्ताह के भीतर नया बोर खनन कर पानी सप्लाई करने की बात कही है। इसी तरह ग्राम फरसरा, सहेबिनकछार, भाठीगढ सहित विभिन्न ग्रामों के ग्रामीणों ने विधायक को बताया पीएचई विभाग के अफसरों की उदासीनता और ठेकेदारों की मनमानी का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है। एक ओर जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य की वजह से गांवों में पानी की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, तो दूसरी ओर गर्मी के चलते गांवों में गिरते भूजल स्तर के कारण हैंडपंप सूख चुके हैं, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। विभाग स्वच्छ पानी तो दूर, कई गांवों में ज़रूरत के पानी की आपूर्ति भी नहीं करा पा रहा है। इन दिनों भीषण गर्मी में भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए हर रोज जद्दोजहद करनी पड़ रही है इधर शिकायत के बाद भी संबंधित विभाग द्वारा



ग्रामीणों को जलापूर्ति कराने में असहाय नजर आ रहा है भीषण गर्मी के चलते भूजल स्तर नीचे जाने से हैंडपंपों पानी नहीं निकल पा रहा है। भाठीगढ़ के ग्रामीणों ने भी विधायक को बताया की डेढ़ साल से गांव में पानी की टंकी का निर्माण कर घर-घर नल कनेक्शन दिया गया है लेकिन अब तक किसी के घर में एक बूंद पानी नल से नहीं आ रहा है पानी टंकी निर्माण से पहले विभाग को और ठेकेदार को बोर खनन कराना था लेकिन उनके द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के स्थानीय अधिकारी और पर कार्यवाही की मांग की है।



### कलेक्टर से मुलाकात कर जल्द करेंगे समस्या का समाधान

मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र डुमरपडाव पैलीखंड क्षेत्र में निर्माण किया जा रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे विधायक को ग्रामीणों ने बताया इस सड़क निर्माण कार्य पिछले 6 माह से बंद है संबंधित विभाग और संबंधित ठेकेदार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है विधायक में इस मामले से संबंधित विभाग के मंत्री एवं गरियाबंद कलेक्टर से मुलाकात कर जल्द समस्या समाधान करने का आश्वासन दिया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोविंदराम ठाकुर, कुशल राम सोरी, राजकुमार ध्रुव, भगवत सिंह ठाकुर, मगन सिंह ठाकुर, भावेश कुमार मरकाम, बलिराम ध्रुव, बैसाखूराम यादव, बृजलाल ठाकुर, जसवंत सिंह, हराबाई नेताम, हीरोमनी नेताम,जानकीबाई एवं बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

### लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे

विधायक जनक ध्रुव ने बताया आज क्षेत्र के कई ग्रामों में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्माण किए गए टंकी और नल जल योजना का जायजा लिया गया अधिकांश का नल जल योजना पूरी तरह बंद है पानी नहीं आ रहा है भीषण गर्मी के दिनों में लोगों को पानी के लिए तरसना पड़ रहा है इस ओर राज्य सरकार एवं संबंधित विभाग द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है विधायक ने कहा की क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है।

## पीएमश्री सेजेस में लॉटरी पद्धति से हुआ चयन प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

पीएमश्री सेजेस बसना में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए नवीन प्रवेश की प्रक्रिया शासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार हुई। लॉटरी पद्धति से चयन की यह प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी वातावरण में की गई, जिसे उपस्थित पालकों व अधिकारियों ने सराहना की। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य केके पुरोहित के मार्गदर्शन में संपूर्ण लॉटरी प्रक्रिया निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित रूप से पूरी की गई। लॉटरी कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बद्री विशाल जोल्हे, विकासखंड स्रोत समन्वयक पूर्णानंद मिश्रा, एसएमडीसी अध्यक्ष एलएन भोई एवं सदस्य, शासकीय आदर्श उच्चतर माध्यमिक शाला बसना के प्राचार्य एसके पटेल, चयन के लिए गठित ब्लॉक की टीम एवं बड़ी संख्या में पालकगण भी उपस्थित थे। पालकों की उपस्थिति में हुई इस




पारदर्शी लॉटरी प्रक्रिया में कक्षा पहली हेतु 50 सीटों, कक्षा चौथी के लिए 1 सीट एवं कक्षा सातवीं के लिए 1 सीट के लिए विद्यार्थियों का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान हर वर्ष की तरह निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाए रखने के लिए विशेष ध्यान दिया गया, जिससे पालकों ने प्राचार्य पुरोहित एवं लाटरी प्रक्रिया में सम्मिलित शिक्षकों की खूब सराहना करते हुए हर्ष व्यक्त किया। चयनित विद्यार्थियों की सूची विद्यालय के सूचना पटल पर प्रदर्शित कर दी गई है। सभी चयनित विद्यार्थियों को 15 मई 2025 तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ प्रवेश सुनिश्चित करना अनिवार्य है।

## बोरसी स्कूल की नोमिका ने जिले में हासिल किया दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ के बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित किया गया। जिसमें ग्राम बोरसी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्र कुमारी नोमिका साहू ने 95.2 प्रतिशत अंकों के साथ गरियाबंद जिले में द्वितीय स्थान एवं फिंगेश्वर विकासखंड में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

नोमिका साहू ग्रामीण अंचल बहेरापाल निवासी ज्ञानचंद साहू की सुपुत्री है। विद्यालय के प्राचार्य सोनाली पवार ने जानकारी देते हुए बताया है कि नोमिका सहित विद्यालय के चार विद्यार्थी आरती साहु 93 प्रतिशत,ओमीन यादव 90.7 प्रतिशत,जागृति विश्वकर्मा 90.5 तथा रेणूका निषाद 90 प्रतिशत अंकों के साथ विद्यालय के शीर्ष पांच में अपना स्थान बनाया है।वही विद्यालय का कुल परिणाम 90.90 प्रतिशत रहा है।इसके साथ ही हायर सेकेंडरी स्कूल बोरसी गरियाबंद जिले के शीर्ष स्कूलों में अपना स्थान



नोमिका साहू



बनाया है। जिले मे विद्यालय का मान बढ़ाने के लिए कु.नोमिका साहु एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समस्त विद्यार्थियों को प्राचार्य सोनाली पवार सहित विद्यालय के सभी शिक्षक ओमप्रकाश यदु, मदनलाल रात्रे, प्राची ठाकुर, संध्या मंडल, युगल किशोर साहू, प्रियंका श्रीवास, जयंत साहू, सेवन लाल, संतराम कुर्रे, चितेश्वर साहू, ओमप्रकाश सेन तथा शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बोधन राम साहू, अंजू दिनेश साहू जनपद सदस्य, सरपंच सतीअनुसुइया साहू, उपसरपंच गजेंद्र साहू, पुष्पा जगन्नाथ साहू पूर्व जनपद अध्यक्ष तथा अन्य समिति के सदस्य हुकुम लाल सिंहा पूर्व सरपंच प्रतिनिधि, प्रहलाद सोनकर विधायक प्रतिनिधि, कमलेश साहू सांसद प्रतिनिधि, छन्नू राम साहू, ओंकार साहू, तुलसी राम साहू, कृष्ण कुमार सिन्हा, परमेश्वरी रात्रे एवं ग्राम के गणमान्य नागरिकों ने अपनी शुभकामनाएं दी हैं।

## जल जीवन मिशन में भारी लापरवाही, पिथौरा विकासखंड में अधूरी पड़ी योजनाएं : मोती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा(ग्रामीण)

जल जीवन मिशन जैसी केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना महासमुंद जिले के पिथौरा ब्लॉक में बुरी तरह पटरी से उतर गई है। कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी मोती जांगड़े ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पिथौरा विकासखंड के कई गांवों में अधूरे पड़े कार्यों और पेयजल संकट को लेकर पीएचई विभाग पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। जांगड़े ने कहा कि कई गांवों में अभी तक न तो पानी की सप्लाई शुरू हो पाई है और



न ही मिशन के तहत काम पूरा हो सका है। कहीं पानी की टंकी तो बन गई है, लेकिन पाइपलाइन नहीं डाली गई, तो कहीं पाइपलाइन पूरी हो चुकी है, लेकिन टंकी का निर्माण अधूरा है।

## मैनपुर ब्लॉक सरपंच संघ के अध्यक्ष बने हलमन धुर्वा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के मैनपुर विकासखंड अंतर्गत सरपंच संघ का चुनाव शनिवार को किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से हलमन धुर्वा को सरपंच संघ मैनपुर ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया और सभी सरपंचों ने फूलमाला के साथ उनका जोरदार स्वागत किया नवनिर्वाचित सरपंच संघ के अध्यक्ष हलमन धुर्वा ने कहा की सभी सरपंचों के हित और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य किया जाएगा, ज्ञात हो कि मैनपुर ब्लॉक अंतर्गत नवनिर्वाचित सरपंचो का आवश्यक बैठक ग्राम धुर्वागुड़ी में रखा जिसमें मैनपुर विकासखंड के समस्त पंचायतो के नवनिर्वाचित सरपंच उपस्थित रहे। इस बैठक में सर्व सहमति से सरपंच संघ मैनपुर ब्लाक अध्यक्ष मुंडागांव के सरपंच हलमन धुर्वा को चुना गया। सर्व सहमति से ब्लाक के पदाधिकारियों का गठन भी किया



गया जिसमें ब्लाक अध्यक्ष हलमन धुर्वा ,ब्लाक उपाध्यक्ष डोमुराम धुरव, उपाध्यक्ष हनिता नायक मैनपुर, उपाध्यक्ष पुष्पा नेगी भाठीगढ, केशंती मांझी मुचबहाल, सचिव विजय कुमार मांझी, सचिव पुष्पलता मरकाम, कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम सोम भेजीपदर , कोषाध्यक्ष हेमोबाई नागेश अमलीपदर, मिडिया प्रभारी यशवंत मरकाम डुमाघाट, सहमिडिया प्रभारी पुनितराम नागेश ।

सरपंच संघ अध्यक्ष हलमन धुर्वा ने कहा एकजुट होकर ग्राम के विकास हेतु कार्य लाकर ग्राम का चहुमुखी विकास करेंगे। श्री ध्रुवा ने कहा सरपंच संघ को क्षेत्र में और अधिक मजबूत करेंगे किसी भी सरपंच साथी को कोई परेशानी नहीं होगी। सरपंच संघ सम्मेलन में सरपंच डोमू राम ध्रुव, पुष्प लता मरकाम, निर्मला ध्रुव, भूलेंद्री ध्रुवा ,ललिता ध्रुवा, प्रेम शिला नेताम, नीलेंद्री मांझी, हेमोबाई नागेश, केशंती मांझी, दुरपसिंह ओटी, ललिता नायक , पुष्पा नेगी, उपासीन नागेश, यशवंत मरकाम, बलबीर कोमर्रा, दयमती नागेश, पदुनाभ कोमर्रा, खगेश्वर ध्रुव, गोरेलाल ध्रुव, बेलमती पाथर, उमाबाई कोमर्रा, हेमसिंह उपस्थित रहे।

## अभनपुर में तीन दिवसीय रामलीला 25 से 27 तक

**अभनपुर।** ब्लॉक कालोनी मैदान अभनपुर में 25 से 27 मई तक तीन दिवसीय रामलीला का आयोजन अयोध्या वाली राम लीला मंडली जिन्होने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के समय मुख्य मंच से रामलीला का मंचन किया था। बताया गया कि यह कलाकार भारत सरकार के कला एवं नाट्य संस्थानो से प्रशिक्षित है इन्ही उच्च कोट के कलाकारो द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी। इसकी तैयारी के संबंध मे विधायक इन्द्रकुमार साहू द्वारा अभनपुर के प्रतिष्ठित गणमान्य नागरिको की बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को सफल बनाने जिम्मेदारी सौपी गई कार्य समिति के संरक्षक विधायक इन्द्रकुमार साहू, संयोजक उत्रसेन गहिरवारे, सह संयोजक चिन्मय दावड़ा, समिति अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, मीडिया प्रभारी महेन्द्र पाण्डेय, प्रचार प्रसार आरएस चौसरिया सहित विभिन्न समिति की घोषणा की गई है साथ ही इस संबंध मे विधायक इन्द्रकुमार साहू ने कहा कि हमारी पुरानी संस्कृति से युवा पीढ़ी को जोडन्ना आवश्यक है रामलीला जैसे कार्यक्रमो से सीख लेकर लोग अपने जीवन मे बदलाव ला सकते हैं।

## पेज 9 के शेष...

### विकास परियोजनाओं...

से लगे रहते है। उन्हें सुशासन तिहार में जब मौका मिला तो वे इन बड़ी समस्याओं की ओर सीएम श्री साय का ध्यान आकर्षित किया जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा करने की घोषणा की।

### लोगों के मन...

मिली है। आगामी दिनों में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान आ रहे हैं जो साढ़े तीन लाख नए आवासों की स्वीकृति देंगे। कहा कि हमने बनाया है और हम ही संवारेंगे। मालूम हो कि सुशासन तिहार के इस पहल ने शासन और जनमानस के बीच की दूरी को कम किया है और लोगों के मन में सरकार के प्रति विश्वास को बढ़ाया है।

### मोदी की गारंटी ...

असर आज पूरे प्रदेश में सुशासन के रूप में दिख रहा है। बताया कि क्षेत्र की प्रमुख मांगों को रखा जिसे मुख्यमंत्री ने बड़ी सहजता के साथ पूरा किया। विधायक रोहित साहू ने कहा कि गरियाबंद जिले और राजिम विधानसभा क्षेत्र के लिए सौगातों भरा दिन रहा। राजिम-छुरा मुख्य मार्ग के बनने से सरलतापूर्वक आवागमन सुगम हो जायेगा,132 केवी विद्युत सब स्टेशन की स्थापना से लो वोल्टेज की समस्या का भी निदान होगा और पिपरछेड़ी जलाशय परियोजना के पूर्ण होने से अब सिंचाई सुविधाओं का विस्तार होगा तथा दस हजार एकड़ कृषि भूमि को इसका लाभ मिलेगा। क्षेत्र के किसान अब नए सपने बुनने लगे हैं क्योंकि उनके वर्षों की प्रतीक्षा को मुख्यमंत्री जी ने पूरा किया है। विधायक श्री साहू ने 300 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार प्रकट किया तथा क्षेत्र की जनता ने इस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व विधायक रोहित साहू के प्रति आभार जताकर धन्यवाद किया।

### रजनकटा में श्रीमद्...

भोजन भंडारे की व्यवस्था की गई है एवं 11मई से भगवान श्री कृष्ण के विभिन्न लीलाओं का वर्णन किया जाएगा एवं श्रीमद् भागवत सुनने आसपास ग्रामीणों को यादव परिवार द्वारा अपील भी किया गया है और समय निकाल कर भगवान के कथा में रसपान कर अपना जीवन सफल बनाएं और इस काली काल में कलयुग तरण का या सरल उपाय है।जिसका लाभ 11 मई से 18 मई तक उठाया जा सकता है।

### नेशनल लोक अदालत...

रूपये का एवार्ड पारित किया गया। वहीं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट एवं व्यवहार न्यायधीश वरिष्ठ श्रेणी गरियाबंद अनिता ध्रुव की गठित खण्डपीठ में 294 प्रिलिटीगेशन प्रकरण रखे गये थे, जिनमें 04 प्रकरणों का निराकरण करते हुए 50 पचास हजार रूपये का एवार्ड पारित किया गया तथा समरी मामले सहित 176 लंबित प्रकरण रखे गये थे जिनमें 117 लंबित मामलों का निराकरण करते हुए 26 लाख 46 हजार 600 रूपये की राशि अदा करायी गयी। इस प्रकार उक्त खण्डपीठ में कुल 470 प्रकरणों का निराकरण करते हुए कुल 26 लाख 96 हजार 600 रूपये का एवार्ड पारित किया गया।



## खबर संक्षेप

### दसवीं का परिणाम 87 %, छात्राओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**महासमुंद।** शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द ने 10वीं बोर्ड परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। कुल 45 विद्यार्थियों में से 39 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जिससे विद्यालय का परीक्षा परिणाम 87 प्रतिशत रहा। विद्यालय की होनहार छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन किया, जिनमें उर्वशी साहू 549 अंक (91.5 प्रतिशत), माधुरी साहू 537 अंक (89.5 प्रतिशत), लीना साहू 530 अंक (88.33 प्रतिशत), संध्या पटेल 515 अंक (85.83 प्रतिशत), वेदकुमारी निषाद 501 अंक (83.5 प्रतिशत) शामिल है। विद्यालय के प्राचार्य भारत साहू एवं शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष सुंदर साहू ने विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष जताया।

### एनएचएम कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने अपनी मांगों को लेकर महासमुंद पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें संविलियन एवं स्थाईकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्यमूल्यांकन सीआर व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन बृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकम्पा न्युक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति, न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा, समय पर नियमित वेतन की भुगतान आदि मांग शामिल है।

### कक्षा बारहवीं में लीना का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महासमुंद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी शासकीय आदर्श उमावि में अध्ययनरत छात्रा लीना यादव पिता सुखदेव यादव ने कक्षा 12वीं (कॉमर्स) में 92.2 प्रतिशत लाकर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिला स्तर पर सातवां स्थान प्राप्त किया है। शाला के प्राचार्य हेमेंद्र आचार्य, उपप्राचार्य चमन लाल चंद्राकार, शाला के समस्त स्टाफ ने हर्ष जताया है।

### शहर से लगे ग्राम बेमचा में लगा समाधान शिविर

**महासमुंद।** ग्राम बेमचा में सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीणजनों से सीधे संपर्क कर उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के साथ ही शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने तीसरे चरण में राज्य शासन के जिले में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विकासखंडों में तिथिवार शिविरों में आमजनों की समस्याओं के आवेदन लेने के साथ निराकरण भी किया जा रहा है। समाधान शिविर में पहुंचे क्षेत्रिय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला कलेक्टर लंगेह, जनप्रतिनिधिगण ऐतराम साहू, रोहित चंद्राकर, रमेश साहू, हुलसी चंद्राकर का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत करते सरपंच देवेंद्र चंद्राकर इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

कार्रवाई : दोनों पार्टी के स्थानीय कार्यकर्ता सड़क पर उतरे, हाइवा को रोके और कार्रवाई कराके भेजा थाना

# रेत से भरे हाईवा के शहर में प्रवेश पर कांग्रेस, भाजपा, व्यापारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर के बीच बाजार से प्रतिबंधित समय में रेत से ओव्हरलोड तेज रफ्तार हाइवा के निरंतर चलने पर शनिवार को नवापारा शहर में पालिका के सामने मेन रोड पर व्यापारी व कांग्रेस-भाजपा के स्थानीय नेता सड़क पे उतरे और गाड़ियो को रोका तथा पुलिस,माइनिंग एवं तहसीलदार को फोन कर मौके पर बुलाकर कार्रवाई के लिए कहा। तब कही ये अधिकारी पहुंचे और रेत से भरे गाड़ियों पर कार्रवाई करके थाना में जब्ती बनाया। बता दें कि नवापारा शहर एक व्यापारिक शहर है जहां आसपास के पचास गांव के लोग सामान खरीददारी करने रोज पहुंचते है। शहर का सदर बाजार और गंज रोड मेन मार्केट है जहां सुबह से लेकर देर रात तक लोगों की भीड़ रहती है। पिछले कईयों महिनों से लगातार रेत से भरी गाड़ियां सोमवारी बाजार से होते हुए गंज रोड में आकर रायपुर की ओर मुड़ती है। बाजार में भीड़ होने के कारण हर वक्त दुर्घटना की संभावना बनी होती है। इस मार्ग पर कईयो घटनाएं हो चुकी है और आधा दर्जन से अधिक लोगों की जाने भी जा चुकी है। बावजूद तेज रफ्तार हाइवा के ऊपर पुलिस और प्रशासनिक अफसरों ने लगाम नहीं लगाया। इस मार्ग पर रोड डिवाइडर के सामने बड़ा सा बोर्ड लगाकर बाकायदा सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक बड़े वाहनों के ऊपर प्रतिबंध लगाए जाने संबंधी निर्देश है। इसके बाद भी रेत से भरी हाइवा चलती है। शनिवार को लगातार गाड़ियों के निकलने पर शहर के जागरूक लोगों ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया और ऐसी गाड़ियों को रोकने के लिए लोगों से आव्हान किया।



#### बेखौफ हो रहा रेत का उत्खनन

*बता दें कि नवापारा महानदी के बुड़ेनी, परेवाडीह, दुलना और तर्री सहित पितईबंद में चैन माऊंटेन मशीन लगाकर अवैध रूप से रेत का उत्खनन माफियाओं द्वारा बेखौफ किया जा रहा है। माफियाओं का कहना है कि माइनिंग अधिकारी के शहर पर ये काम करते है वर्ना हमारी मजाल कहां है कि इस तरह से अवैध काम हम कर सके। रेत उत्खनन और गाड़ियों को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश का वातावरण देखा जा रहा है। खासतौर से तर्री, दुलना और पितईबंद घाट पूरे क्षेत्र में बदनामशुदा घाट है जहां माफियाओं का बोलबाला है। उल्लेखनीय है कि गंज मार्ग विगत कुछ वर्षों से दुर्घटना का हॉट स्पॉट बन गया है। भारी वाहनों से कई बेकसूर बच्चों एवं लोगों की जान चली गई है।*

#### नियम तोड़ने वालों को तहसीलदार ने लगाई फटकार

सोशल मीडिया में पोस्ट को देखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नेता प्रतिपक्ष संध्या राव, नपा के उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, राजा चांवला, मनीष चौधरी, सचिन सचदेव, राकेश सोनकर, ज्ञानचंद लालवानी, वीरेंद्र राजपूत, बल्लु साहू, नम्मु ठाकुर, सहदेव कंसारी, दीपाली राजपूत, अर्जुन साहू, डेकेश्वर गिलहरे, फागु देवांगन, लल्ला सोनवानी सहित बड़ी संख्या में नगर पालिका के सामने नागरिक पहुंचे और आक्रोश जाहिर किया तब कही रायपुर से माइनिंग अधिकारी, नवापारा पुलिस थाना से जवान और तहसीलदार राजकुमार साहू मौके पर पहुंचकर कार्रवाई का आश्वासन दिया तब तक कोई तीन घंटे लोगों की भीड़ मेन रोड पर बनी रही। गाड़ियों को थाना ले जाया गया और सख्त चेतावनी दी गई कि प्रतिबंधित समय सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहन के आवागमन पर रोक रहेगी। यह पहला मौका है जब कांग्रेस और भाजपा के सारे स्थानीय बड़े नेता एकजुट होकर कार्रवाई के लिए माइनिंग अधिकारी और प्रशासन को मजबूर किया।

## बरसात से पहले मरम्मत में जुटे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में बरसात होने के पहले कच्चे मकानों में खपरैल पलटाने का काम इन दिनों शुरू हो चुका है। प्रतिवर्ष आधी तूफान, बंदरों तथा अन्य प्राकृतिक आपदा की वजह से खपरैल की टूट फूट हो जाती है। बारिश शुरू होने से पहले खपरैल को उलट पुलट कर खराब खपरैल को फैंका जाता है। और उसमे नए खपरैल डाला जा रहा है। बंदरों का झुंड घर के छत पर इधर-उधर टालमटोल करते रहते हैं जिसके कारण खपरैल टूट कर बिखर जाते हैं इससे हर वर्ष लोगों को नुक़सान उठाना पड़ता है। बंदरों के कारण हर साल लोगों खपरैल का मरम्मत करवाना पड़ता है। इस बदलते दौर में हर कोई पक्के मकानों में रहने की लालस लिए हुए है। इसी के चलते जो भी मकान बनाए जा रहे हैं, वह अधिकतर छत वाले ही बन रहें हैं। अब खपरैल वाले मकानों की पूछ दिनों दिन कम होती जा रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लगभग सभी ग्रामों में बड़ी संख्या में मकान बनाए गए हैं। ये सभी मकान पक्के छत वाले ही बन रहें हैं, इससे अनेक गरीब परिवारों के पास भी अब पक्के छत मकान हो गए है। पहले से जो मकान खपरैल के बने हुए हैं उनकी मरम्मत करने का काम ही आजकल किया जा रहा है। सभी मजदूर खपरैल पलटने काम नहीं जानते, इसलिए जो जानकार हैं उन मजदूरों की पूछ इन दिनों बढ़ गई है। गर्मी में कच्चे घर शीतलता प्रदान करते हैं वहीं ठंड में गर्म रहते हैं। इसलिए आज भी इसकी महत्ता है। लेकिन इसको प्रतिवर्ष सुधारने का खर्च ज्यादा पड़ता है। आधुनिकता के दौर में ऐसे मकान धीरे-धीरे समाप्त होते जा रहे हैं।

## 12वीं में गीता व 10वीं में आरती अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित कक्षा दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत एवं 10वीं का 83.33 प्रतिशत रहा। वहीं बारहवीं कक्षा में गीता साहू 83.2 प्रतिशत प्रथम तारणी साहू 79.8 प्रतिशत द्वितीय एवं टार्जन निषाद 77.4 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। दसवीं में आरती प्रथम,टिकेश्वरी साहू,तारिणी यादव द्वितीय एवं मालनी निषाद तृतीय स्थान पर रही।

परीक्षा में अच्छे परिणाम लाने वाले विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं कलम भेंटकर उनका सम्मान किया गया।इस अवसर पर प्राचार्य पूरन लाल साहू ने छात्र छात्रओं की उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि शिक्षा हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है।शिक्षा वह ज्योति है जो हमारे अंदर ज्ञान का प्रकाश भर देती है।उन्होंने आगे कहा कि असफलता सफलता की प्रथम सीढ़ी है जो विद्यार्थी असफल हुए हैं उन्हें निराश न होने की बात कहते हुए अच्छे अवसर से परीक्षा की तैयारी में जुट जाने की बाते कही वहीं पर ईमानदारी पूर्वक पढ़ाई करें तो निश्चित ही सफलता मिलेगी।परीक्षा हेतु बोर्ड द्वारा जैसे ही समय सारणी निर्धारित होती है तो उनकी जानकारी पृथक से आप लोगों को दी जावेगी।

इस अवसर पर सभी सफल विद्यार्थियों को संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू, शाला विकास समिति अध्यक्ष गजेंद्र निषाद, सरपंच पदमा मोती निषाद, जनपद पंचायत सभापति नंदूराम यादव, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, विधायक प्रतिनिधि उदय यादव यादव, संकुल समन्वयक भुवन यदु, व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, सत्या मिश्रा, नकुल राम साहू, रुद्र प्रताप साहू, क्लर्क दुष्यंत साहू, तोमन राम साहू, अविनाश साहू, शाला विकास समिति सदस्य दयाराम साहू, प्रदीप कुमार सेन, शैलेन्द्र यादव, दूजलाल ढीढी, पीतांबर साहू, कुंतराम साहू, डीहू राम पटेल, गैदू राम ध्रुव, हरिश्चन्द्र ढीढी, संतोषी साहू, ललिता निषाद एवं भृत्य आकाश सूर्यवंशी ने बधाई दी है।

### *12वीं कक्षा में पुष्पा अव्वल व 10वीं में चेतना ने मारी बाजी*

***छुईहा बेलर।*** *छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल के द्वारा 10वीं व 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेंदर 12वीं कक्षा की छात्रा पुष्पा ने 85.6% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। चांदनी ने 82.2% के साथ द्वितीय स्थान एंव कक्षा 10वीं की छात्रा चेतना ने 86.8% के साथ कक्षा में प्रथम स्थान, रोशनी ने 83.1% लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मेघा ठाकरे, प्रबंध समीति अध्यक्ष जनक साहू, पूर्व सरपंच भाजपा नेता रामाधार साहू, सरपंच गामनि राकेश घृतलहरे, पूर्व सरपंच टिकेश्वर साहू ने परीक्षा में उत्तीर्ण करने वाले छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की।*

## बोर्ड परीक्षा में सफलता का परचम ऐश्वर्या साहू जिला में नवें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद




छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षा 2025 में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं जिले का नाम रोशन किया। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 90% रहा। इसमें ऐश्वर्या साहू ने 93% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान तथा जिले में नौवां स्थान प्राप्त किया। वहीं दिव्या साहू ने 92.30% के साथ द्वितीय तथा पारुल पांडेय ने 90% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य उल्लेखनीय छात्र-छात्राओं में सार्थक सिंह छत्रि 89.80%, अंजलि कर 85.50% और सुभाषिनी निर्मलकर 84.50% शामिल हैं। कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम 86% रहा। दीपिका साहू ने 88% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रीति राव कधारे 84% अंकों के साथ द्वितीय और टेमेश ध्रुव 81% अंकों के साथ तृतीय स्थान पर रहे। इनके अतिरिक्त रूपाली सिन्हा 79.20% तथा तुषार वर्मा 78.60% ने चौथा व पांचवां स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य दीपक कुमार बौद्ध ने सभी विद्यार्थियों को इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने इस सफलता में योगदान देने वाले शिक्षकों के परिश्रम की सराहना की और शुभकामनाएं दीं।

## कक्षा पहली में 50 सीटों के लिए मिले 79 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा




स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय छुरा में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए प्रवेश प्रक्रिया का आयोजन लॉटरी प्रणाली के माध्यम से किया गया। यह प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता एवं आरक्षण नियमों का पालन करते हुए सम्पन्न हुई। प्रवेश के लिए कक्षा पहली में 50 रिक्त सीटों के लिए 79 पात्र आवेदनों की प्राप्ति हुई। इसके अतिरिक्त कक्षा चौथी में 1 सीट के लिए 4 आवेदन, कक्षा पंचमी में 2 सीट के लिए 7 आवेदन, कक्षा सप्तमी में 2 सीट के लिए 11 आवेदन एवं कक्षा अष्टमी में 1 सीट के लिए 6 आवेदन प्राप्त हुए।

प्रवेश चयन लॉटरी के माध्यम से किया गया, जिसमें आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए 50% सीटें बालिकाओं के लिए, 25% बीपीएल वर्ग के लिए तथा शेष 25% सामान्य वर्ग के लिए आरक्षित रहीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत छुरा की पार्षद रजनी लहरे, सीएमओ लाल सिंह मरकाम, जनभागीदारी अध्यक्ष सीआर सिन्हा एवं अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों की उपस्थिति में प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं सुचारु रूप से संपन्न किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा द्वारा सभी चयनित छात्रों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं दी गईं और आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए तैयारियों की जानकारी भी साझा की गई।

## छुरा के स्वामी आत्मानंद स्कूल के कॉमर्स ने स्टूडेंट्स लहराया परचम



**छुरा।** स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ने छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। विद्यालय ने इस वर्ष अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। कक्षा 12वीं का परिणाम 98% रहा। इसमें गीतिका सचदेव वाणिज्य संकाय ने 90.4% अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुज सारस्वत वाणिज्य संकाय ने 89% अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान हासिल किया। 87.8% अंकों के साथ श्रेया सचदेव वाणिज्य संकायने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय टॉप टेन की सूची में वाणिज्य संकाय के 8 छात्रों ने अपना स्थान बनाया।वहीं, कक्षा 10वीं का परिणाम 91% रहा। इस परीक्षा में डुमेश्वरी यादव ने 92.3% अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। ख्याति शर्मा ने 85.17% अंकों के साथ द्वितीय स्थान और शुभम सिन्हा ने 82% अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार मिश्रा ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों की निष्ठा और अभिभावकों के सहयोग को दिया।



सुशासन तिहार कार्यक्रम

## जनपद सदस्य ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की

**मुड़ागांव-कोरासी।** जनपद सदस्य पंकज निर्मलकर ने हाल ही में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के अवसर पर छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री को अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और जनसरोकारों से अवगत कराया। पंकज निर्मलकर ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को विस्तारपूर्वक रखा और उनके शीघ्र समाधान की मांग की।

विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

# रेडक्रॉस मानवता की सेवा के लिए है समर्पित: मधुबाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर एवं अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी जिला गरियाबंद बीएस उइके के मार्गदर्शन सचिव रेडक्रॉस जिला शाखा गरियाबंद एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गार्गी यदु पाल, जिला रेडक्रॉस प्रभारी, जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत के निर्देशानुसार एवं जिला रेडक्रास प्रभारी डॉ. लक्ष्मीकांत जांगड़े, रेडक्रास राज्य प्रतिनिधि रोमन लाल साहू के नेतृत्व में भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा गरियाबंद के तत्वाधान में 08 मई को विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला गरियाबंद के चेयरमेन मधुबाला रात्रे, देवकी साहू सदस्य रेडक्रास जिला प्रबंध समिति, डॉ सत्येंद्र तिवारी प्राचार्य आई टी एस कालेज द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत बैज़ लगाकर किया गया। रेडक्रास राज्य प्रतिनिधि रोमन लाल साहू ने विश्व रेडक्रास के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रेडक्रास सोसायटी एक मानव सेवी संगठन है जो विभिन्न कार्यों के माध्यम से लोगों की मदद करता है. इनके संस्थापक हेनरी ड्यूनेंट थे। इसका मुख्यालय जेनेवा (स्विट्ज़रलैंड) में है। साथ साथ यूथ रेडक्रास के वालेंटियरों को उनके कर्तव्यों की जानकारी दी गई। भारतीय रेडक्रास के चेयरमेन मधुबाला रात्रे ने कहा कि रेडक्रास का मुख्य कार्य मानव की सेवा है। इस संस्था का मुख्य उद्देश्य युद्ध, प्राकृतिक आपदाओ और महामारियों के पीड़ितों को राहत प्रदान करते हुए घायल सैनिको की चिकित्सा उपचार करना है।

#### सीपीआर आपातकालीन जीवन रक्षक तकनीक



*वहीं डॉ. प्रकाश साहू चिकित्सा अधिकारी एवं उनके टीम द्वारा सीपीआर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि सीपीआर एक आपातकालीन जीवन रक्षक तकनीक है जो दिल की धड़कन रुक जाने या सांस लेने मे समस्या होने पर इस्तेमाल की जाती है। उन्होंने आगे बताया कि जब किसी व्यक्ति की सांस रुक जाती है, दिल की धड़कन बंद हो जाती है या दिल की धड़कन सही तरीके से काम नहीं कर रही है तो सीपीआर का उपयोग किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन सालिक राम कंवर (संगणक) एवं आभार व्यक्त डॉ. देवादास बंजारे ने किया। प्राचार्य डॉ. टीएस सोनवानी, डॉ. खेमलता साहू, डॉ. मनीषा भोई, डॉ. रागिनी ठाकुर, पूरन लाल साहू, चैतन्य यदु कार्यालय प्रभारी सोमेश्वर ठाकुर, ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. विपिन बिहारी अग्रवाल, लाल साहू टेक्निशियन, कुंजी लाल नाग एवं विभिन्न कालेजों के वालेंटियर उपस्थित थे।*

#### रेडक्रास लोगों की मदद करने रहता है तत्पर

उन्होंने आगे कहा कि रेडक्रास बिना किसी भेदभाव के सभी के लिए सहायता प्रदान करता है। चाहे उनका राष्ट्रीयता, जाति, धर्म या राजनीतिक विचार कुछ भी हो देवकी साहू सदस्य रेडक्रास जिला प्रबंध समिति ने कहा कि रेडक्रास सोसायटी एक बहुमुखी संगठन है जो मानवीय पीड़ा को कम करने और दुनिया भर में लोगों की मदद करने के लिए विभिन्न प्रकार के कार्य करता है। इस दौरान दुष्यंत कुमार साहू, हीराराम हिरवानी, वंदिता गोधेजा, चांदनी ठाकुर, ममता यादव, रोशन ध्रुव, वैभव ताम्रकार सहित कई लोगों ने रक्तदान देकर लोगों के जीवन बचाने में सार्थक मदद की। तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत लोकगीत, लोकनृत्य, रंगोली, नुक्कड़ नाटक एवं मानवता को जीवित रखना थीम पर भाषण प्रतियोगिता रखा गया था। सभी प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता प्रतिभागी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया।

## नवविवाहिताओं को जल्द मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



नवविवाहित महिलाएं जो महतारी वंदन योजना के लिए पात्र हैं उन्हें भी जल्द महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इस संबंध में महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रदेश की नवविवाहित से वादा किया है कि जल्द ही उन्हें भी महतारी वंदन योजना का लाभ मिलेगा। इसके लिए जल्द ही प्रक्रिया शुरू की जाएगी। हमारी सरकार ने जो कहा है वो करके दिखाया है इसलिए यह घोषणा भी जल्द ही अमल में लाया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन तथा उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत सुधार तथा परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका सुदृढ़ करने के लिए महतारी वंदन योजना चलाया जा रहा है। यह हमारे चुनावी घोषणा पत्र में था, जिसे मोदी की गारंटी के तहत पूरा करते हुए मार्च 2024 से योजना का लाभ प्रदेश की महिलाओं को मिल रहा है। इसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है, जो सतत रूप से जारी है। अब और नए हितग्राही इस योजना से जुड़कर इसका लाभ ले सकते हैं।